अराजकता | जिले में रेत, कोयला, कबाड़ एवं नशे के बढ़ते बेलगाम कारोबार को लेकर आमजन में असंतोष बढ़ता जा रहा है

# जनमुद्दों पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल



**शहडोल।** जिले में रेत, कोयला, कबाड़ एवं नशे के बढ़ते बेलगाम कारोबार और कानून-व्यवस्था को लेकर आमजन में असंतोष बढ़ता जा रहा है। इन मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों की कथित चुप्पी भी अब चर्चा का विषय बनती जा रही है। स्थानीय स्तर पर लोगों का कहना है कि जहां एक ओर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक की अपेक्षा की जा रही है, वहीं जिम्मेदार जनप्रतिनिधि इन विषयों पर खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, जिले में अवैध रेत परिवहन और नशे के प्रसार को लेकर समय-समय पर शिकायतें सामने आती रही हैं।

इसके साथ ही कुछ मामलों में पुलिस कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। आम नागरिकों और सामाजिक संगठनों का मानना है कि इन मुद्दों पर ठोस और पारदर्शी कार्रवाई की आवश्यकता है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि किसी भी क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और जवाबदेही लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक होती है।

वहीं, कुछ कार्यकर्ताओं के बीच भी आंतरिक असंतोष की चर्चा सामने आ रही है, जिससे संगठनात्मक स्थिति को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते जनसमस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो इसका असर भविष्य की राजनीति पर पड़ सकता है। नागरिकों का कहना है कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर संवाद और ठोस कदम उठाना जरूरी है, ताकि आमजन का विश्वास बना रहे।

## 24 को 17445 बच्चों को वितरित किया जाएगा विद्यारंभ प्रमाण पत्र

**शहडोल।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अखिलेष मिश्रा ने जानकारी दी है कि संचालनालय, महिला एवं बाल विकास म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार आंगनवाडी केन्द्रों में पंजीकृत 5-6 वर्ष के 17445 बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से स्थानांतरित करने और आंगनवाडी केन्द्रों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के सुदृढीकरण के उद्देश्य् से जिले में एक साथ चतुर्थ मंगलवार 24 मार्च 2026 को बाल चैपाल के अवसर पर ग्रेजुएशन सेरेमनी के आयोजन करते हुए विद्यारंभ प्रमाण- पत्र प्रदाय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परियोजना ब्यौहारी के 3712, बुढार के 3977, जयसिंहनगर के 3585, गोहपारू 1760, शहरी शहडोल के 1160, सोहागपुर के 3251 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा।

## विधायक जैतपुर ने जल गंगा संवर्धन अभियान में निभाई सहभागिता

▶ जल संरक्षण का दिया संदेश

**शहडोल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जनसहभागिता के साथ विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। 19 मार्च से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान को जनांदोलन का रूप देने हेतु जनप्रतिनिधि, अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

इसी क्रम में जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पकरिया में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी ने सहभागिता करते हुए जल संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से जल के महत्व को समझते हुए इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान विधायक जयसिंह मरावी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अधिकारी दीपक मंडावी, सीईओ



जनपद पंचायत बुढ़ार राजीव लघाटे, सहायक यंत्री, उपयंत्री, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा साफ-सफाई कार्य में श्रमदान किया गया।

**सभी ने मिलकर योगदान दिया**

सभी ने मिलकर जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने की दिशा में योगदान दिया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं प्राकृतिक संसाधनों के समुचित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही यह संदेश दिया गया कि जल बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है।जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में निरंतर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जिससे जल संरक्षण को जन-जन का अभियान बनाया जा सके।

## शादी का झांसा देकर शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** थाना गोहपारू पुलिस ने शादी का झांसा देकर महिला का शारीरिक शोषण करने और धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी की पहचान अविनाश साहू (23 वर्ष), निवासी ग्राम अकुरी के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 19 मार्च 2026 को 27 वर्षीय पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी वर्ष 2024 से उसे शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक शोषण कर रहा था।

आरोपी ने ग्राम करकट, मानपुर तथा शहडोल स्थित उसके किराए के कमरे में जबरन संबंध बनाए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि 9 मार्च 2026 को आरोपी उसके कमरे में घुस आया और चरित्र पर संदेह करते हुए मारपीट की। इसके अलावा आरोपी ने पीड़िता के मंगेतर को बुलाकर



उसकी फोटो दिखाकर बदनाम किया और सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शून्य पर अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की और तत्काल दबिश देकर आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 एवं 115(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को 20 मार्च 2026 को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक शिवाली चतुर्वेदी (महिला शाखा सुरक्षा), सहायक उपनिरीक्षक भागचन्द्र चौधरी, प्रधान आरक्षक अमृतलाल प्रजापति एवं आरक्षक प्रदीप बरकड़े की सराहनीय भूमिका रही।

## पतझड़ के पत्तों से बनेगी खाद

**नवभारत, जबलपुर।** नगर पालिक निगम जबलपुर द्वारा शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26' के तहत एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का मुख्य नारा 'पतझड़ के पत्ते कचरा नहीं हैं' रखा गया है, जिसके माध्यम से प्रकृति के चक्र को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है।नगर निगम का लक्ष्य है कि पतझड़ के दौरान गिरने वाले सूखे पत्तों को जलाने या कचरे में फेंकने के बजाय, उनसे उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद तैयार की जाए। यह खाद पुनः नागरिकों को उनके पौधों के पोषण के लिए लौटाई जाएगी। नगर पालिक निगम जबलपुर सभी शहरवासियों से अपील करता है कि वे सूखे पत्तों को न जलाएं, क्योंकि इससे वायु प्रदूषण फैलता है।

## 7 किमी पैदल चलकर भठिया धाम में चढ़ाई श्रद्धा की चुनरी

▶ मां के दरबार में उमड़ी आस्था माता के जयकारों से गूंजा मार्ग

**शहडोल।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शवरी माता महिला मित्र मंडली के तत्वावधान में भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों महिलाओं ने उत्साह और आस्था के साथ भाग लिया। यह यात्रा जैतपुर स्थित कुंभेश्वरनाथ धाम से प्रारंभ होकर लगभग 7 किलोमीटर नंगे पग पैदल चलकर भठिया धाम मां सिंहवाहिनी माता मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से चुनरी अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।

पूरे मार्ग में जय माता दी के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर धार्मिक



आस्था और एकता का परिचय दिया। यात्रा में शामिल महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।कार्यक्रम का नेतृत्व शवरी माता महिला मित्र मंडली की प्रमुख एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुनैना सिंह सैयाम ने किया। उनके साथ सरपंच जैतपुर दुर्गा सिंह, अनीता रजक, गीता पाठक, मुन्नी कोल, पार्वती कहार, पूर्व सरपंच गीता सिंह, रामबाई सिंह, अनीता बरगाही, सविता रजक, गायत्री कहार, शांति यादव सहित हजारों महिलाएं शामिल रहीं।

आयोजकों ने बताया कि यह चुनरी यात्रा वर्षों से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करना है। सभी महिलाओं के सहयोग से यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को हिंदू नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी गईं।

## महाकौशल प्रांत में शाखाओं और गतिविधियों में हुई वृद्धि

**जबलपुर के सुहागी बस्ती में आयोजित सम्मेलन में शामिल हुए थे 4500 लोग**

**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक हरियाणा के समालखा में 13 से 15 मार्च तक सम्पन्न हुई। बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। देशभर से 1493 अपेक्षित कार्यकर्ताओं में से 1438 की उपस्थिति रही। उक्त जानकारी पत्रकार वार्ता में प्रांत संघचालक डॉ. प्रदीप दुबे एवं प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में संगठन विस्तार, समाज की सज्जन शक्ति की सक्रियता और सामाजिक समरसता के



संकल्प को प्रमुखता दी गई। पिछले वर्ष संघ कार्य में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें देशभर में शाखाओं की संख्या बढ़कर 88,949 हो गई है। महाकौशल प्रांत में भी 533 शाखाओं की वृद्धि के साथ कुल शाखाएं 3,078 तक पहुंच गई हैं। संघ के शताब्दी वर्ष (2025-26) के अंतर्गत देशभर में 62,555 विजयादशमी उत्सव आयोजित हुए, जिनमें लाखों स्वयंसेवकों की सहभागिता रही। महाकौशल प्रांत में 3,138 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें 1.77 लाख से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। गृह संपर्क अभियान के तहत देश के 37 प्रांतों में 10 करोड़ से अधिक घरों तक संपर्क किया गया, जबकि महाकौशल में 43 लाख से अधिक घरों तक पहुंच बनाई गई। इसी प्रकार हिन्दू सम्मेलनों में देशभर में 3.49 करोड़ लोगों की सहभागिता रही। जबलपुर के सुहागी बस्ती में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की उपस्थिति में आयोजित सम्मेलन में 4500 लोग शामिल हुए। इसके अलावा गुरु तेगबहादुर जी की 350वीं शहादत वर्ष के अवसर पर देशभर में 2134 कार्यक्रम हुए। जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में 500 से अधिक लोग शामिल हुए, जहां सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर का उद्बोधन हुआ। इसके साथ ही युवा सहभागिता भी बढ़ी है, जिसमें महाकौशल प्रांत के 34 जिलों में आयोजित युवा सम्मेलनों में 50,100 युवाओं ने भाग लिया। बैठक में बताया कि आगामी वर्ष संत रविदास जी महाराज के 650वें प्राकट्य वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर उनके समरसता, समानता और सामाजिक परिवर्तन के विचारों को समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस दौरान विभाग प्रचार प्रमुख विनय सोलंकी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फूफा की हत्या करने वाला भतीजा गिरफ्तार

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत ग्राम टिकरी में लाठी-डंडों से पीट-पीटकर फूफा की हत्या करने वाले भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 18-19 मार्च की दरम्यानी रात करीब 1 बजे ग्राम टिकरी निवासी दिलीप सिंह गौड़ (39) का अपने फूफा सुनील सिंह उर्फ लल्लू गौड़ (36) के साथ जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। इसी बात पर दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जो देखते ही देखते हिंसक संघर्ष में बदल गई थी।

## प्रस्फुटन समिति देवगांव द्वारा जल गंगा संवर्धन अंतर्गत आयोजित किया गया कार्यक्रम

**ब्योहारी।** दिनांक 19.03.2026 को नवांकुर संस्था जगदंबा जन विकास समिति भमरहा प्रथम सेक्टर आखेटपुर क्रमांक (01) विकास खंड ब्यौहारी के ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवगांव द्वारा गोदावल धाम मे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के तत्वाधान में गोदवाल धाम के पावन कुंड में नवांकुर संस्था अध्यक्ष यमुना प्रसाद नापित, परामर्शदाता हीरालाल साहू, सामाजिक कार्यकर्ता सुदामा प्रसाद गुप्ता, प्रश्नफुटन समिति अध्यक्ष



भैयालाल पाल, समिति के सदस्य एवं अन्य सम्मानित जनों के उपस्थिति में शायं 5:00 बजे पूजा अर्चना कर विधिवत आरती किया गया और सामाजिक समरसता, संगोष्ठी, चौपाल बैठक कर जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया ।

## टेलीग्राम के जरिए फैलाया ठगी का नेटवर्क, विदेश तक जुड़े तार

**जबलपुर।** शेयर बाजार में निवेश पर 500 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर शहर की एक महिला से 2 करोड़ 27 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस रिमांड में लेकर सघन पूछताछ कर रही है। जिसमें ठगी नेटवर्क से जुड़े आरोपियों ने नए राज उगले है। इसके साथ नए नाम भी पुलिस को बताये है जो दिल्ली-मुंबई निवासी है। जिसकी तफ्तीश चल रही है यहां भी टीमें दबिश देने की तैयारी में है। अब तक की जांच में यह बात भी सामने आई है कि ठगी का मकड़जाल सोशल मीडिया के टेलीग्राम के जरिए फैलाया गया था और इसके तार विदेश तक जुड़े हुए है। आरोपियों ने बताया किवे फर्जी कंपनियां बनाकर उनके नाम से करेंट अकाउंट खुलवाते थे। इन्हीं खातों का उपयोग साइबर फ्रॉड की रकम को इधर-उधर करते थे। पूछताछ में आरोपियों द्वारा और भी राज उगलने की संभावना है। आज रिमांड खत्म होने पर तीनों को पुनः न्यायालय पेश किया जायेगा । विदित हो कि साइबर ठगों ने शहर में महिला को अपने जाल में फंसाने के लिए लुभावने वादे किए थे। आरोपियों ने दावा किया था कि शेयर बाजार में निवेश करने पर प्रतिदिन 5 का रिटर्न और दीर्घकालिक निवेश पर 500 प्रतिशत तक का मुनाफा मिलेगा। इसके साथ ही, शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के बहाने और सस्ते दर पर बल्क ट्रेडिंग में शेयर दिलाने का झांसा देकर महिला से किश्तों में कुल 2.27 करोड़ रुपये ऐंठ लिए गए। धोखाधड़ी का अहसास होने पर पीड़िता ने क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दर्ज किया था। मामले की कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए पुलिस ने नागपुर केंद्रीय कारागार में बंद एक अन्य आरोपी अभिषेक विश्वकर्मा पिता भवानी प्रसाद विश्वकर्मा को अभिरक्षा में लेकर प्रोडक्शन वारंट में शहर लाया है।

## खौफनाक : युवक पर फेंक दी खौलती शराब, बुरी तरह झुलसा

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत ग्राम चरखी में एक दबंग ने मजदूरी के पैसे मांगने पर एक युवक की पीठ पर खौलती हुई कच्ची शराब फेंक दी। जिससे युवक की पीठ बुरी तरह जल गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम चरखी निवासी आशीष उर्फ गुड्डू गोटिया (30) को गांव के ही बेडीलाल गोटिया ने लालच दिया था कि यदि वह कच्ची शराब बनाने में उसकी मदद करेगा, तो उसे 500 रुपये मजदूरी दी जाएगी। आशीष के अनुसार वह बीती रात बेडीलाल के साथ तालाब के किनारे नाले के पास गया और रात भर उसके साथ मिलकर कच्ची शराब बनवाई। सुबह करीब 6 बजे जब काम खत्म हुआ, तो आशीष ने अपनी मेहनत की कमाई 500 रुपये मांगी।

कार्यक्रम | दो दिनों तक चली बैठक में सहकारिता क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई

## उज्जैन में सहकार भारती की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक आयोजित




**उज्जैन।** महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित सम्राट विक्रमादित्य भवन (विद्या भारती भवन) में सहकार भारती मध्य प्रदेश की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सहकार भारती के राष्ट्रीय मंत्री दिलीप दादा पाटिल उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शेखर किवे ने की। बैठक में राष्ट्रीय मंत्री गजेंद्र गौतम, प्रदेश महामंत्री राकेश चौहान, प्रदेश संगठन मंत्री राधेश्याम जल क्षत्रिय, महिला प्रमुख जय श्रीवास्तव सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

दो दिनों तक चली इस बैठक में सहकारिता क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।मुख्य अतिथि दिलीप दादा पाटिल ने कहा कि सहकार भारती 1979 से बिना संस्कार नहीं सहकार के मूल मंत्र के साथ देशभर में कार्यरत एक प्रमुख स्वयंसेवी संगठन है, जो वर्तमान में 29 राज्यों और 650 से अधिक जिलों में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि सहकारिता भारत की सांस्कृतिक धरोहर है और यह गरीब, वंचित व कमजोर वर्ग के स्थायी आर्थिक विकास का सशक्त माध्यम बन सकती है।प्रदेश महामंत्री राकेश चौहान ने संगठन की आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए बताया कि 11 जनवरी को स्थापना दिवस, 14 से 20 नवंबर तक सहकारिता सप्ताह, नियमित जिला सम्मेलन, मासिक कार्यक्रम, महिला सम्मेलन एवं प्रकोष्ठ गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 2027 तक सभी जिलों में संगठन विस्तार, 20 प्रदेशों में कार्यालय स्थापना और विभिन्न प्रकोष्ठों को सक्रिय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश संगठन मंत्री राधेश्याम जल क्षत्रिय ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से रोजगार सृजन सहकार भारती की प्राथमिकता है।

**एक जिला-एक उत्पाद जैसी योजनाओं पर जोर दिया जाएगा**

स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों, एफपीओ और एक जिला-एक उत्पाद जैसी योजनाओं के माध्यम से रोजगार बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। क्रेडिट प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख डॉ. गोपाल निगम ने सहकारिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहकारी संस्थाओं का गठन, उनकी समस्याओं का समाधान, प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और अनुसंधान को बढ़ावा देना आवश्यक है, जिससे सहकारिता आंदोलन को और मजबूत किया जा सके। बैठक में 13 विभागों एवं 32 जिलों से आए 146 पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विभिन्न विभाग प्रमुखों की घोषणा भी की गई, जिसमें डॉ. गोपाल निगम को शहडोल विभाग प्रमुख, मोहित चौरसिया को भोपाल विभाग प्रमुख तथा शत्रुंजय सोनी को मंदसौर विभाग प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन अजय मिश्रा द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत राजेश श्रीवास्तव एवं रंजीत कक्षवाह ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. गोपाल निगम ने किया।

## मुर्दे की कराई फर्जी रजिस्ट्री : षडयंत्र रच उठाया 9 .66 लाख का ऋण

▶ ओमती पुलिस ने आठ जालसाजों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**जबलपुर।** जालसाजों ने षडयंत्र रचते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कर मृत व्यक्ति को जीवित बताते हुए नकली व्यक्ति को उप पंजीयक कार्यालय कलेक्ट्रेट में बैठाकर फर्जी रजिस्ट्री कराई और उस आधार पर बैंक से 9,66,652 रूपए का लोन लेकर डकार गए। ओमती पुलिस ने मामले में आठ जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के शाखा प्रबंधक दीपेन्द्र चतुर्वेदी ने शिकायत दर्ज कराई कि कंपनी योग्यता अनुसार होम लोन, प्रापर्टी लोन उपलब्ध कराती है। जिसकी शाखा नेपियर टाउन रसल चौक में है। चंदन सिंह बैन पिता मुन्ना लाल बैन निवासी शताब्दी पुरम, उखरी रोड ने सुहागी स्थित एक प्लॉट (खसरा नं. 37/1) पर होम लोन के लिए आवेदन किया था। आवेदन के साथ उसने 25 मार्च 2018 का एक पंजीकृत विक्रय विलेख (सेल डीड) पेश किया। दस्तावेज के मुताबिक चंदन सिंह ने यह जमीन हीरा लाल बैन से खरीदी थी। बैंक ने दस्तावेजों को सही मानते हुए लोन आवेदन पर 9,66,652 रुपये का ऋण स्वीकृत कर दिया।

### ऐसे हुआ भंडाफोड़

ऋणी चंदन सिंह द्वारा लोन की किश्तें न चुकाने के कारण बैंक ने 8 मई 2024 को खाते को एनपीए घोषित कर दिया। इसके बाद बैंक ने सरफेसी एक्ट के तहत संपत्ति का भौतिक कब्जा लेने के लिए जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन किया। 9 अक्टूबर 2023 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बैंक के पक्ष में आदेश भी जारी कर दिए। मामले में असली मोड़ तब आया जब हीरा लाल बैन की पत्नी नर्मदा बाई बैन ने इस कार्रवाई के खिलाफ डीआरटी जबलपुर में याचिका दायर की। उन्होंने साक्ष्य प्रस्तुत किए कि उनके पति हीरा लाल की मौत 6 दिसंबर 2011 को ही हो चुकी थी। हैरानी की बात यह है कि जिस व्यक्ति की मौत 2011 में हो गई, उसने 2018 में रजिस्ट्रार ऑफिस जाकर चंदन सिंह के पक्ष में जमीन की रजिस्ट्री कैसे कर दी स्पष्ट है कि आरोपी चंदन सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर किसी अन्य व्यक्ति को हीरा लाल बनाकर खड़ा किया और फर्जी तरीके से विक्रय पत्र निष्पादित करवाया।

**इनके खिलाफ दर्ज हुआ प्रकरण**

शाखा प्रबंधक दीपेन्द्र चतुर्वेदी ने अपनी शिकायत में बताया कि चंदन सिंह ने सोची-समझी साजिश के तहत बैंक के साथ धोखाधड़ी की और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी धन का गबन किया। ओमती पुलिस ने मामले मतें ओमती पुलिस ने शारदा प्रसाद बुन्देला निवासी सुहागी, चंदन सिंह निवासी बेलबाग, जानकी उर्फ गनेश बर्मन निवासी गढ़ा, दिनेश शलभ निवासी लार्डगंज, अनूप सिंह ठाकुर निवासी रामनगर गढ़ा, विशाल अग्रवाल निवासी ग्वारीघाट, शरद सिंह, धीरज बेन दोनों निवासी फूटाताल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। जिन्होंने फायनेंस कंपनी धोखाधड़ी की। फर्जी दस्तावेज तैयार कर दूसरे व्यक्ति के नाम की संपत्ति को क्रय विक्रय करने का झूठा षडयंत्र रच ऋण स्वीकृत कराया।